INDIRA GANDHI INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES, SHEIKHPURA, PATNA-14

विज्ञापन सं0–01/Contract/IGIMS/Estt/2024

क्रम सं0	पद का नाम	पदों की सं०	मानदेय	योग्यता एवं अनुभव	आयु सीमा
01	सलाहकार लेखा (संविदा)	04	रू 1000 प्रति कार्य दिवस की दर से (अधिकतम रू 30,000/– प्रति माह)	बिहार वित्तीय प्रशासन सेवा/ बिहार राज्य वित्त अंकेक्षण सेवा/ महालेखाकार/केन्द्र सरकार/ राज्य सरकार/लोक उपक्रम के सेवानिवृत वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी या सेवानिवृत वरीय लेखा पदाधिकारी	सेवानिवृत कर्मियों की अधिकतम आयु दिनांक 01.01.2024 को 62 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

1. इच्छुक अभ्यर्थी का बायो–डाटा, 01 पासपोर्ट साईज फोटो/आधार कार्ड की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति/ अनुभव प्रमाण–पत्र/ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र की अभि–प्रमाणित प्रति/ PPO प्रमाण पत्र/ रू 1000/– का Demand Draft (इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान, शेखपुरा, पटना–14 के पक्ष में जो Non Refundable रहेगा) के साथ अपना आवेदन–पत्र निदेशक, इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान, शेखपुरा, पटना (बिहार)–800014 में दिनांक 31.03.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक निबंधित डाक से संस्थान को प्राप्त हो जाना चाहिए। निर्धारित समयाअवधि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन प्रारूप संस्थान के वेबसाइट **www.igims.org** से डाउनलोड किया जा सकता है।

2. क्रमांक–1 सलाहकार (लेखा) के लिए कुल 04 पदों के लिए अनारक्षित एवं आरक्षित पद का विवरण निम्नवत है:–

(i) अनारक्षित – 02

(ii) अति पिछड़ा– 01

(iii) अनुसूचित जाति– 01

3. क्रमांक–1 पर सलाहकार (लेखा) के आरक्षित पद के लिए आरक्षित कोटि के अनुसार आय एवं परि–सम्पति प्रमाण–पत्र/जाति प्रमाण–पत्र अवश्य संलग्न किया जाय।

4. अभियंत्रण विभाग के वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी/ वरीय लेखा पदाधिकारी जिन्हें 05 साल का अनुभव हो उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

5. अभ्यर्थी के विरूद्ध कोई आपराधिक वाद/निगरानी वाद/विभागीय कार्यवाही लंबित नहीं होने के संबंध में स्वलिखित घोषणा–पत्र आवेदन के साथ संलग्न करेंगे।

6. अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन–पत्रों की जाँच के उपरांत साक्षात्कार हेतु बुलाया जाएगा। इस संबंध में सभी जानकारी संस्थान के वेबसाइट **www.igims.org** से प्राप्त किया जा सकता है। साक्षात्कार हेतु संस्थान द्वारा कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

7. सामान्य प्रशासन विभाग के पत्रांक 21485/पटना, दिनांक 22.11.2023 के द्वारा निर्गत पत्र के आलोक में आरक्षण शर्तों के आधार पर विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है।

8. नियोजन हेतु चयनोपरांत अभ्यर्थियों को योगदान के समय चिकित्सा अधीक्षक, इं0गा0आ0सं0, पटना द्वारा निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

9. उपरोक्त पद हेतु संविदा अवधि प्रारंभिक रूप में 11 माह का होगा परंतु यह संविदा बिना किसी पूर्व सूचना के सक्षम प्राधिकार द्वारा समाप्त की जा सकती है। आवश्यकता एवं कार्यशैली/ कार्य कुशलता के आधार पर संक्षम प्राधिकार द्वारा अग्रेतर निर्णय लिया जा सकता है।

10. विज्ञापन में किसी समय किसी प्रकार का परिवर्तन या विज्ञापन किसी समय रद्द करने का अधिकार निदेशक, इं0गाँ0आ0सं0, पटना–14 के पास होगा।

ह0/–
निदेशक
इं0गाँ0आ0सं0, पटना–14

ज्ञापांक: 1364/प्रशा0

दिनांक: 14.03.2024

प्रतिलिपि:– निदेशक कोषांग/सभी संकायाध्यक्ष/ उप–निदेशक (प्रशा0)/वित्त एवं मुख्य लेखा पदा0/ प्रशासन शाखा, इं0गा0आ0सं0, पटना–14 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(2) अधीक्षण अभियंता (बायोमेडिकल), इं0गा0आ0सं0, पटना–14 को संस्थान के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित ।

14/3/24

निदेशक
इं0गाँ0आ0सं0, पटना–14